**खबर संक्षेप**

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले की गोहपारू पुलिस द्वारा नाबालिग लडक़ी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गोहपारू थाना क्षेत्र का है, जहां एक 17 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि ग्राम हर्री निवासी महादेव सिंह उम्र 20 वर्ष ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब आरोपी को पता चला कि वह गर्भवती है और उसने आरोपी से शादी करने के लिए कहा, तो आरोपी महादेव सिंह ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी महादेव सिंह पिता भीमसेन सिंह गोड़, निवासी ग्राम हर्री, थाना गोहपारू, शहडोल के खिलाफ बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी महादेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## राजेंद्रा कॉलरी के पास पलटा कोयला लदा ट्रक, चालक सुरक्षित



**शहडोल।** जिले के खैरहा थाना क्षेत्र के राजेंद्रा कॉलरी के पास उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब कोयला लोड कर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि चालक को केवल मामूली चोटें आईं और उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, दमानी कॉलरी से कोयला लोड कर ट्रक बुढार रेलवे साइडिंग की ओर जा रहा था। रास्ते में चालक को नींद लगने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही खैरहा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, हादसे में ट्रक चालक को केवल हल्की चोटें आई हैं। फिलहाल मामले की कोई शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही वाहन मालिक भी मौके पर पहुंच गया। उसने जेसीबी की मदद से सडक़ पर फैला कोयला हटवाया और ट्रक को सीधा करने की कार्रवाई शुरू कराई। गांव के लोगों ने राहत की सांस ली कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

## अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर आयोजित किये गए कार्यक्रम



**शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग (सीडब्ल्यूएसएन) छात्रावास शहडोल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी उप संचालक मुद्रिका सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्धेश्य दिव्यांगजनों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें स्वयं के विकास हेतु अवसर प्रदान करना है। आपने कहा कि दिव्यांगजन प्रकृति प्रदत्त रूप से प्रतिभा सम्पन्न होते हैं। जरूरत है समाज में इन्हे उचित अवसर एवं मंच प्रदान करने की। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चो को दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित शासकीय, अशासकीय संस्थाएँ, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, राष्ट्रीय पुनर्वास परिषद अंतर्गत पंजीकृत संस्थाएं स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर दिव्यांगजनों (विषेप रूप से श्रवण वाधित) के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 अनुसार अधिकार एवं सुविधाओं से प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई।



# शारदेय नवरात्र में मैहर पहुंचे श्रद्धालु, पदयात्रा का बढ़ा उत्साह





## प्रतिवर्ष बढ़ रही है श्रद्धालुओं की संख्या, जगह-जगह भंडारे से हुआ स्वागत

**शहडोल।** शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर मां शारदा धाम, मैहर में दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालु पदयात्रा कर पहुंचे। प्रतिवर्ष आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से कलश स्थापना के साथ नवरात्रि का आरंभ होता है और पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के विविध स्वरूपों की पूजा-अर्चना बड़े ही हर्षोल्लास से की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष उपासना, व्रत और यात्रा का संकल्प लेते हैं।

**बाजे-गाजे के साथ रवाना हुए जत्थे-** मैहर स्थित मां शारदा के दर्शन के लिए जिले के बुढ़ार, खैरहा, सोहागपुर, बकेली, जैतपुर और गोहपारू क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा पर निकले। वहीं जयसिंहनगर तहसील के विभिन्न गांवों से सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालुओं के जत्थे रवाना हुए। ढोल-नगाड़ों और बाजे-गाजे के साथ निकलने वाले इन जत्थों में उत्साह और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला।

**श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और सेवा-** विगत कई वर्षों से जयसिंहनगर क्षेत्र के समाजसेवी और सामाजिक संगठन पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सेवा कार्य करते आ रहे हैं। मार्ग में जगह-जगह सार्वजनिक भंडारे आयोजित किए जाते हैं, जिनमें भोजन, अल्पाहार और फलाहार की निशुल्क व्यवस्था रहती है। व्रत रखने वाले भक्तों को फल और जलपान भी उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य सामग्री भी जरुरतमंद श्रद्धालुओं तक पहुंचाई गई।

**सकुशल घर लौटे यात्री-** जिले से लगभग दस हजार श्रद्धालुओं ने नवरात्रि के तीसरे और चौथे दिन मां शारदा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सकुशल अपने घरों के लिए लौटे। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह आध्यात्मिक यात्रा अत्यंत सुखद और प्रेरणादायी अनुभव है। मां शारदा की कृपा से हर भक्त के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

**हर साल बढ़ रही संख्या-** पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का कहना है कि वर्ष दर वर्ष इस यात्रा में शामिल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग इसे केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और सेवा का उत्सव मानते हैं। भक्ति और विश्वास का यह ज्वार पूरे जिले को माता की कृपा और एकता की भावना से भर देता है।









**स्वच्छता अभियान में फोटो, गौवंश की सुरक्षा में लापरवाही!**

# डंपिंग यार्ड में गौवंश कचरे और पॉलिथीन के बीच कर रहे संघर्ष

### जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन साधे

शहडोल।

जिले में स्वच्छता पखवाड़ा जोर-शोर से मनाया जा रहा है और अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अपने-अपने फोटो खिंचवाने में व्यस्त हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर का संवेदनशील पक्ष - गौवंश सुरक्षा - पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि सरकार गौपालकों को प्रति गाय 40 रुपये की सहायता दे रही है। साथ ही, 25 गाय पालने वाले और 40 लाख रुपये का निवेश करने वालों को 10 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। इन सरकारी दावों के बावजूद धरातल पर स्थिति दयनीय और खतरनाक बनी हुई है।

### चिंता जनक गौवंश की स्थिति

शहडोल के जुमई कचरा डंपिंग ग्राउंड में गौवंश की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यहां गाय और बैल कचरे के ढेर में भोजन की तलाश करते नजर आते हैं। पन्नी और अन्य कचरे में उलझकर गौवंश को अपनी जान गंवाने का खतरा है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान तक नहीं दे रहे। जबकि डंपिंग ग्राउंड पर वाहनों को पकडऩे का पिंजरा होना चाहिए, यह जिम्मेदारी भी नजर अंदाज की गई है।

### चिंताजनक नकारात्मक रवैया

वार्डों से एकत्र किए गए कचरे में पॉलिथीन और अन्य हानिकारक अपशिष्ट शामिल होते हैं। गोवंश जब इसे खाने का प्रयास करते हैं, तो पॉलिथीन निगल जाते हैं। इससे उनकी आंतें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और वे दर्दनाक तरीके से दम तोड़ देते हैं। यह पूरी स्थिति नगर पालिका प्रशासन की संवेदनहीनता और अनियमितता का जीता-जागता प्रमाण है। विशेष रूप से ध्यान देने वाली बात यह है कि डंपिंग यार्ड का रास्ता इस तरह से बनाया गया है कि आम लोग या निरीक्षक आसानी से वहां नहीं पहुंच सकते। यह न केवल निरीक्षण में बाधा डालता है, बल्कि स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और गौवंश के प्रति उदासीनता को भी उजागर करता है। जनप्रतिनिधियों की इस मामले में पूर्ण चुप्पी और नकारात्मक रवैया चिंता और आक्रोश पैदा करता है।

### कागजों तक ही सीमित योजनाएं

स्वच्छता अभियान के नाम पर शहर में फोटो खिंचवाने और प्रचार-प्रसार करने वाले अधिकारी और नेता वास्तविक काम में कितने गंभीर हैं, यह डंपिंग यार्ड और सडक़ों पर घूमते निराश्रित गौवंश की तस्वीर खुद बयान कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाएं और सरकारी सहायता राशि केवल कागजों तक ही सीमित रह गई हैं। नगर पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी केवल कचरा फेंकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गौवंश के स्वास्थ्य और सुरक्षा की भी है। हालांकि, अधिकारियों का रवैया यह दर्शाता है कि उन्हें केवल कागजी कार्यवाही और फोटो अवसर में ही रुचि है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का यह रवैया साफ दिखाता है कि उनका गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण में कोई सरोकार नहीं है।

### मुख्यमंत्री कर रहे सुरक्षा की बातें

स्थानीय लोगों की मानें तो डंपिंग यार्ड में लगातार गौवंश की मौतें हो रही हैं, लेकिन किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इस गंभीर समस्या को रोकने की कोई पहल नहीं की। यह स्थिति प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता, भ्रष्टाचार और लापरवाही का सच सामने लाती है। यह सवाल न केवल नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों के रवैये पर खड़ा होता है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी संदेह पैदा करता है। जब शासन स्तर पर योजनाएं चलाई जा रही हैं और मुख्यमंत्री गौवंश की सुरक्षा की बात कर रहे हैं, तब धरातल पर स्थानीय अधिकारियों और नेताओं की उदासीनता क्यों दिखाई दे रही है?

### होना चाहिए डंपिंग यार्ड का नियमित निरीक्षण

शहर के प्रमुख वार्डों से कचरा डंपिंग ग्राउंड में जाता है, जहां गौवंश खाने के प्रयास में पॉलिथीन निगलकर अपनी जान गंवा रहे हैं। यह प्रशासनिक उपेक्षा केवल गौवंश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। स्वच्छता अभियान के नाम पर सिर्फ फोटो खिंचवाना और प्रचार करना किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता। जिम्मेदार अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे तुरंत डंपिंग यार्ड में नियंत्रण, नियमित निरीक्षण और गौवंश के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें। साथ ही, वार्डों से आने वाले कचरे को ऐसा प्रबंधित किया जाए कि गौवंश को नुकसान न पहुंचे।

### नेताओं की गंभीरता केवल दिखावटी


शहडोल की जनता अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता से खफा है। अगर इस ओर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो यह मामला न केवल मीडिया और सामाजिक संगठनों तक जाएगा, बल्कि न्यायिक हस्तक्षेप की भी मांग उठ सकती है। गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से नहीं होती, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। शहडोल में इस संवेदनशील मुद्दे पर लंबित कार्रवाई यह साबित करती है कि प्रशासन और नेताओं की गंभीरता केवल दिखावटी है, जबकि धरातल पर उनका रवैया गौवंश के लिए घातक साबित हो रहा है।

## महिला कर्मचारी से उत्पीडऩ के बाद पी.ए.का दबदबा
## पीड़िता का ही कर दिया तबादला
### वरिष्ठ अधिकारियों की संवेदनहीनता ने बढ़ाया आक्रोश
### पी.ए. संजीव नामदेव के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज

**शहडोल।** डाकघर में पदस्थ एक महिला कर्मचारी के साथ हुए उत्पीडऩ प्रकरण ने डाक विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की संवेदनहीनता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला बेहद चौंकाने वाला है कि जहां पी.ए. संजीव नामदेव पर गंभीर यौन उत्पीडऩ और धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगे, वहीं पीड़िता को न्याय दिलाने की बजाय उल्टे दण्ड स्वरूप उसका तबादला कर दिया गया। यह कदम न केवल विभागीय कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है बल्कि महिला सुरक्षा और सम्मान की सरकारी दावों की भी पोल खोलता है।

### षड्यंत्रपूर्वक कर करवाया ट्रांसफर

महिला कर्मचारी ने डाक अधीक्षक को लिखित आवेदन में शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 सितम्बर 2025 को शाम लगभग 6:30 बजे जब वह डाकघर में कार्यरत थी, तभी पी.ए. संजीव नामदेव ने गलत नियत से पीछे से उसकी कमर पकड़ ली और अभद्र बातें करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने, बदनाम करने और नौकरी से निलंबित करवाने तक की धमकी दी। इतना ही नहीं, महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने षड्यंत्रपूर्वक उसका ट्रांसफर करा दिया।



### आरोपी कर्मचारी को बचाने का प्रयास

यह गंभीर मामला सामने आने के बाद यह अपेक्षा की जा रही थी कि वरिष्ठ अधिकारी तत्काल आरोपी पी.ए. को निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराएंगे, लेकिन उल्टा हुआ। महिला कर्मचारी को ही ट्रांसफर आदेश थमा दिया गया। विभागीय अधिकारियों की इस कार्यवाही से साफ जाहिर होता है कि पूरे तंत्र ने आरोपी कर्मचारी को बचाने का प्रयास किया है और पीड़िता को दबाने की साजिश रची गई है। स्थानीय कर्मचारियों और सामाजिक संगठनों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जिस महिला ने साहस के साथ अपने उत्पीडऩ की शिकायत दर्ज कराई, उसे ही दण्डित करना विभागीय तानाशाही और महिला विरोधी मानसिकता का खुला प्रमाण है। यदि यही हालात रहे तो भविष्य में कोई भी महिला कर्मचारी उत्पीडऩ की शिकायत करने का साहस नहीं जुटा पाएगी।

### नियमों की उड़ाई धज्जियां

विशेषज्ञों का मानना है कि यौन उत्पीडऩ की शिकायतों पर तुरंत विषाखा गाइडलाइन और यौन उत्पीडऩ निवारण अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत आंतरिक शिकायत समिति द्वारा निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए थी, लेकिन विभाग ने कानून और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पीड़िता को ही कमजोर कड़ी मानकर उसे हाशिये पर धकेल दिया। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने भी इस घटना को शर्मनाक करार दिया है, उन्होंने मांग की है कि पी.ए. संजीव नामदेव को तत्काल निलंबित कर विभागीय और कानूनी कार्यवाही की जाए, साथ ही पीड़िता को उसकी पसंद के नजदीकी डाकघर में पदस्थापना दी जाए।

### न्याय की लिए महिला लगा रही गुहार

विभागीय अधिकारियों के इस रवैये से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अधिकारी आरोपी का संरक्षण कर रहे हैं। न्याय की उम्मीद में आवेदन देने वाली महिला को ही जब सजा के तौर पर ट्रांसफर झेलना पड़ रहा है, तो ऐसे में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे सरकारी नारे खोखले और मजाकिया प्रतीत होते हैं। इस पूरे प्रकरण ने डाक विभाग की कार्यप्रणाली और ईमानदारी पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। फिलहाल पीड़िता इंसाफ की उम्मीद में अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रही है, लेकिन विभाग की चुप्पी और आरोपी की दबंगई से यह मामला और अधिक गंभीर होता जा रहा है।



# घर में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, पिता-पुत्री बाल-बाल बचे

### देवलोंद थाना क्षेत्र के जगमल गांव की घटना

**शहडोल।** जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय, यह कहावत गुरुवार को देवलौंद थाना क्षेत्र में उस समय सच साबित हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक कच्चे मकान में जा घुसा। हादसे के समय घर के उसी कमरे में पिता और पुत्री मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि दोनों सुरक्षित बच निकले। जानकारी के अनुसार, जगमल गांव निवासी मोतीलाल साकेत के मकान में अचानक एक ट्रक घुस गया। घटना के दौरान दीवार ढह गई और घर का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल दौडक़र घर में फंसे पिता-पुत्री को सुरक्षित बाहर निकाला। मोतीलाल ने बताया कि हादसे के वक्त वह अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ कमरे में बैठे थे। जैसे ही दीवार गिरी, दोनों एक कोने की ओर खिसक गए और बाल-बाल बच गए।

### लोगों ने पकड़ा चालक

घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और डायल-112 को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मकान को काफी नुकसान पहुंचा है। ट्रक चालक की पहचान गांव निवासी अनिल खैरवार के रूप में हुई है, जो माल लोड करने के लिए जा रहा था। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। गांव के लोगों ने राहत की सांस ली कि बड़ी दुर्घटना टल गई, वरना नतीजे भयावह हो सकते थे।

# महिला की हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

### जमीनी विवाद बना हत्या की वजह आरोपी ने कुल्हाड़ी से किया वार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बराछ गांव में जमीनी विवाद के चलते हुई महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मृतका के भतीजे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 23 सितंबर को बराछ गांव में रानी पटेल नामक महिला पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि परिवार के भीतर लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते मृतका के भतीजे कृष्ण कुमार पटेल ने वारदात को अंजाम दिया और घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

### प्रत्यक्षदर्शियों के बयान से खुला राज

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो यह स्पष्ट हुआ कि विवाद के चलते आरोपी कई दिनों से नाराज था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिवार में तनाव बढ़ गया था और इसी कारण भतीजे ने अपनी चाची पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि टीम ने लगातार सर्च अभियान चलाया और 24 सितंबर को आरोपी कृष्ण कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस टीम की भूमिका

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोहन पड़वार, प्रधान आरक्षक अमर सिंह, महेन्द्र पाल शुक्ला, पंजाब सिंह और आरक्षक गंगा सागर गुप्ता की भूमिका रही। पुलिस की तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में फैली दहशत कम हुई है और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# पुलिस ने लूट की वारदात का किया खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से मिली सफलता, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

शहडोल।



जिले की गोहपारू थाना पुलिस ने गत माह हुई सनसनीखेज लूट की वारदात का सफल खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी मोनू सिंह कुशवाहा उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ग्राम रूअर मेन बसई, थाना सुमावली, जिला मुरैना का निवासी बताया गया है। पुलिस की तत्परता और तकनीकी जांच के चलते इस मामले का पर्दाफाश हो सका। 5 अगस्त 2025 को फरियादी अनिल कुमार सोनी अपने पुत्र अमन सोनी के साथ खन्नौधी साप्ताहिक बाजार से ज्वेलरी बेचकर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए नकदी लूटने का प्रयास किया। वारदात के दौरान एक आरोपी ने बंदूक से 4-5 हवाई फायर किए, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। इस घटना में फरियादी की जेब से 8-9 हजार रुपये नकद लूट लिए गए थे।

### पुलिस की जांच और गिरफ्तारी

घटना की गंभीरता को देखते हुए गोहपारू पुलिस ने तत्काल जांच प्रारंभ की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिरों की सूचना पर तकनीकी साक्ष्यों को जोड़ा गया। निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी की पहचान की गई और उसके ठिकाने का पता लगाने में सफलता मिली। इसके बाद 24 सितंबर को पुलिस ने मुख्य आरोपी मोनू सिंह कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य तीन संलिप्त आरोपियों की तलाश के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। इस वारदात से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। लेकिन पुलिस की तत्परता और पेशेवर जांच के चलते अब स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर वारदात की पूरी गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अंजना कटारे को जिला मंत्री बनाए जाने पर मिली शुभकामनाएं



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** अमरकंटक की वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती अंजना कटारे को प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम द्वारा पुनः जिला मंत्री नियुक्त किए जाने पर क्षेत्रभर से बधाइयों का सिलसिला जारी है। ज्ञात हो कि श्रीमती अंजना कटारे पिछले 25 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने पार्टी संगठन में विभिन्न स्तरों पर दायित्व निभाए हैं। महिला मोर्चा में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। वे नगर परिषद अमरकंटक की वार्ड क्रमांक 15 से लगातार दो बार पार्षद रह चुकी हैं तथा अनेक सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारियां सफलतापूर्वक निभा चुकी हैं। संगठन ने उनके अनुभव, जनसंपर्क और कार्यकुशलता को देखते हुए एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। इस अवसर पर अमरकंटक के वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका प्रसाद तिवारी, रामगोपाल द्विवेदी, राहुल कुमार पांडेय, रोशन पनारिया, मंडल अध्यक्ष प्रकाश द्विवेदी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष ऋषभ प्रताप सिंह, प्रभा पनारिया, सुखनंदन सिंह, अभिषेक द्विवेदी, बबीता सिंह, सुनील मिश्रा, वंदना मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, उषा पांडे, रूपेश द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, सोनू जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

**स्वच्छता कार्यक्रम उचेहरा धाम मंदिर में संपन्न**

# जहां स्वच्छता होती है, वहां लक्ष्मी का वास होता है: विधायक

### स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधारः कलेक्टर







**उमरिया।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । जहां स्वच्छता होती है, वहां पर लक्ष्मी जी का वास होता है, इसलिए आवश्यक है कि अपने आस पास के क्षेत्रो में साफ सफाई बनाएं रखें।उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने उंचेहरा धाम मंदिर में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होने कहा कि अपने घर के आस पास सफाई बनाएं रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है ।उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सशक्त नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य विभाग व्दारा आयोजित कैंपों में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं ,क्योकि नारी के सशक्त होने पर गांव, जिला , प्रदेश एवं समाज सशक्त बनेगा । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन बड़ा महत्व है तथा स्वच्छता से अच्छे स्वास्थ्य की पूरक है।ग्रामीण जन स्वच्छता के महत्व को समझते हुए अपने आस साफ सफाई बनाएं रखें ।इसके साथ ही सशक्त नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य विभाग व्दारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका निशुल्क उपचार किया जा रहा है ।

स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत उंचेहराधाम मंदिर में आयोजित एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह सहित अन्य जनों ने मंदिर प्रांगण में फलदार पौधो का रोपण किया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया । इस अवसर पर स्वच्छता बनाये रखने के लिए हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता की । कार्यक्रम में एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, जनपद पंचायत उपाध्याक्ष करकेली पूनम साहू, सीईओ करकेली हरनीत कौर कलसी , सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम, सरपंच ग्राम उंचेहरा राज कुमार सिंह , पुजारी भंडारी सिंह सहित बड़ी संख्यार महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित रहे ।

## एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान





### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया श्रमदान

**उमरिया।** स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान के तहत नया बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ । इस अवसर पर विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन , सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने हाथों मे फावड़ा लेकर श्रमदान किया एवं नगरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया । एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान के तहत पूरे बस स्टैड में साफ सफाई की गई एवं दुकान संचालकों से अपील की गई कि दुकान से निकलने वाले कचरे को यथा स्थान पर ही फेकें। उमरिया नगर हम सभी का है, इसे स्वच्छ बनाएं रखने में सभी का सहयोग आवश्यक है । इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज,सीएमओ नगर पालिका किशन सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी,धनुषधारी सिंह, सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम,पार्षदगण, जनहित संस्था ,जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## पोषण माह अंतर्गत सामुदायिक भवन सगरा मंदिर में कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि सामुदायिक भवन सगरा मंदिर उमरिया में 8वे राष्ट्रीय पोषण माह की थीम मोटापा की रोकथाम, फिटनेस चौलेंज ,योग दिवस,स्वस्थ्य जांच,सामुदायिक खेल दिवस जनांदोनल के रूप में कार्यक्रम मनाया गया। आयुष विभाग के प्रशिक्षक मुकेश यादव के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री महिला एवं बच्चों के लिए लाभकारी योग जानकारी दी गई गर्भवती महिलाओं के लिए ताड़ासन ,वृक्षासन, तितली आसन ,राजसन , मारीचआसन प्राणायाम, अनुलोम विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम अन्य योग के बारे में भी बताया गया । पेट की गैस एवं कमर दर्द से ग्रसित बीमारियों के लिए भी योग के द्वारा बताया गया। मोटापे की रोकथाम लिए व्यंजन प्रतियोगिता एवं सेल्फी कॉर्नर के माध्यम से संदेश दिया गया कि संतुलित आहार ,कैलोरी नियंत्रित आहार जैसे सबूत खूब फल, सब्जियां, साबूत अनाज ,भरपूर मात्रा में पानी के सेवन की चर्चा की गई। मोटे अनाज जैसे कोडदो कुटकी,ज्वार बाजरा ,मक्का, प्रोटीन रहित भोजन को सम्मिलित करने को कहा गया । कार्यक्रम में आयुष विभाग के प्रशिक्षक मुकेश यादव ,जिला समन्वयक अनामिका बाहेश्वर,जिला परियोजना सहायक श्रीमती सरोज तिवारी,वन स्टॉप सेंटर प्रशिक्षक अनीता चौरसिया, दिव्या तिवारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए ।

## अपहृत नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिवारजन को किया सुपुर्द

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** फरियादी निवासी चचाई के द्वारा 05.10.2024 को थाना चचाई में रिपोर्ट किया कि इसका बालक नाबालिग 17 वर्ष 3 माह का दिनांक 03.10.2024 को घर से बिना बताए कहीं चला गया है हो सकता है किसी ने पहले बालक को बहला फुसलाकर भगा ले गया हो की रिपोर्ट पर थाना चचाई के अपराध क्रमांक 168/24 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना गुम बालक की पता तलाश हेतु पुलिस टीम बनाकर संभावित स्थानों पर पता तलाश की गई तो नाबालिक बालक को शहडोल से दस्तयाब कर परिवारजन को सुपुर्द किया गया।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत कलेक्टर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ





**उमरिया।** स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत उचेहरा धाम मंदिर में आयोजित एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक अज़ादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोडक़र माँ भारती को आज़ाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी सप्ताह में 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, जनपद पंचायत उपाध्ययक्ष करकेली पूनम साहू, सीईओ करकेली हरनीत कौर कलसी , सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम, सरपंच ग्राम उंचेहरा राज कुमार सिंह पुजारी भंडारी सिंह सहित बड़ी संख्या महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित रहे ।

### विधायक बांधवगढ़, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**उमरिया।** स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत उंचेहरा धाम मंदिर में आयोजित एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने मंदिर परिसर में श्रमदान किया तथा आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर विधायक बांधवगढ़ शिवरायण सिंह सहित अन्य जनों ने मंदिर परिसर में लगी दुकान संचालकों से अपील करते हुए कहा कि कचरा सडक़ पर नही फेंके और न ही किसी को फेंकने दें । गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखें । दुकानो में जूट बैग का इस्तेमाल करें । समान लाने और ले जाने के लिए कपडे व कागज से बने थैलों का इस्तेमाल करें।

## जगह-जगह सजे पंडाल, माँ के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़



**हरभिमि न्यज जमुना/बदरा।** कोयलांचल नवरात्रि का शुभारंभ होते ही कोयलांचल का कोना-कोना माँ दुर्गा की भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया है शहर से लेकर गाँव तक, गली-गली में सजे पंडाल अब श्रद्धा और सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक बन चुके हैं सुबह-शाम गूंजते जयकारे और भक्ति-गीत वातावरण को आध्यात्मिक बना रहे हैं।

### जमुना कॉलोनी का स्टाफ दुर्गा पंडाल भक्ति का भव्य केंद्र

जमुना कॉलोनी स्थित स्टाफ दुर्गा पंडाल इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है भव्य सजावट, रोशनी और मनमोहक झांकी देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर रही है पंडाल संचालन समिति के सदस्य संजय सिंह, विजय सिंह, सुखविंदर सिंह और योगेंद्र राम ने बताया कि प्रतिदिन माता की पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन होता है इसके साथ ही विशेष पूजा, अद्भुत सजावट और नृत्य-सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे यहाँ पहुँचकर पूजा-अर्चना करें और माँ का आशीर्वाद प्राप्त करें **माँ दुर्गा की महिमा**

माँ दुर्गा को "आदिशक्ति" माना जाता है कृ वह शक्ति जो संसार से बुराई का नाश कर धर्म और सत्य की रक्षा करती हैं देवी का रूप आठ या दस भुजाओं वाला होता है, जिसमें वे विभिन्न अस्त्र-शस्त्र धारण कर सिंह पर सवार रहती हैं यह स्वरूप संदेश देता है कि माँ दुर्गा अजेय, निडर और कल्याणकारी हैं महिषासुर मर्दिनी के रूप में उन्होंने दैत्य महिषासुर का वध कर त्रिलोक की रक्षा की थी यह कथा केवल दुष्ट पर विजय ही नहीं, बल्कि हमारे भीतर के अहंकार, क्रोध और अज्ञान पर विजय का प्रतीक भी है। नवरात्रि में माँ दुर्गा के नौ स्वरूप कृ मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुश्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री कृ पूजे जाते हैं। ये रूप जीवन में ज्ञान, शक्ति, करुणा, संकल्प और सौम्यता जैसे गुणों का संचार करते हैं। जमुना, बदरा, भालूमाड़ा और कोतमा समेत पूरे कोयलांचल क्षेत्र में दुर्गा पूजा का उल्लास परम पर है गाँव-गाँव और मोहल्लों में सजे पंडाल न केवल आस्था का केंद्र बने हुए हैं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत कर रहे हैं।

## धूमधाम से मनाया जा रहा कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में शारदीय नवरात्र महोत्सव



**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह चार बजे मंगला दर्शन से लेकर रात 10 बजे होने वाली शयन आरती तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रहती है। हर कोई मां के दर्शन कर उनकी कृपा पाने को ललायित रहता है। नवरात्र के चौथे दिन गुरुवार को मां कूष्मांडा का पूजन किया गया। सुबह मंदिरों के पट खुलते ही मंदिर परिसर घंटा, शंखनाद और देवी माता के जयकारों से गूंज उठे। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन गुरुवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप कूष्माण्डा की घरों और मंदिरों में विधि विधान से पूजा की गयी है। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भींड़ लगी रही। शारदा काली मंदिर मे फूलों से श्रृंगार किया गया। वहीं, घरों में मातारानी के उपासकों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा के लिए पुलिस भी तैनात रही। सनातन धर्म में नवरात्रि पर शक्ति की साधना का बहुत अधिक महत्व होता है। गुरुवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर सुखकृसमृद्धि व आरोग्य की कामना की। हिंदू मान्यता के अनुसार, दुर्गा मां के इस रूप की आराधना करने से देवी आशीष प्रदान करती हैं और सभी दुखों का नाश होता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां कूष्माण्डा की मुस्कान की एक झलक ने पूरे ब्रह्मांड क निर्माण किया। इन्हें अष्टभुजा देवी के रूप में भी जाना जाता है। मां कुष्माण्डा का वाहन सिंह है और आदिशक्ति की 8 भुजाएं हैं। इनमें से 7 हाथों में कमल पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, कमंडल और कुछ शस्त्र जैसे धनुष, बाण, चक्र तथा गदा हैं। जबकि, आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। मान्यता है कि माता को कुम्हड़े की बलि बेहद प्रिय है, वहीं कुम्हड़े को संस्कृत में कुष्माण्डा कहते है। नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर में कामेश्वरी माता पंचायती मंदिर बूढी माता मंदिर शारदा काली मंदिर धर्मशाला मंदिर लहसुई कैंप गोबिंदा कालोनी गोहंड्रा काली मंदिर बुढानपुर गांव मे अन्नपूर्णा माता मंदिर समेत नगर के अन्य मंदिरों में भी भक्त पहुंचे। माता रानी का फूलों से श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिरों में पुलिस बल तैनात रही।

**पंडाल में रही भीड़**

नवरात्रि के चौथे दिन नगर के दुर्गा पंडालों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक दर्शन के लिए लगी रही। नगर के बस स्टैंड मुखर्जी चौक गांधी चौक शारदा काली मंदिर पुराना स्टेट बैंक चौक पुराना चौक शिशु भारती स्कूल के पास भट्ठी टोला रेलवे कॉलोनी तहसील परिसर कॉलेज तिराहा मडिया गेस्ट हाउस रोड साहू मोहल्ला गोबिंदा लहसुई कालोनी में दुर्गा समिति के द्वारा पंडाल सजाकर आकर्षक झांकियां सजाई गई है शाम को जिसे देखने के लिए कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र सहित बिजुरी मनेद्रगढ़ राजनगर रामनगर अनुपपुर से लोग माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं।

**आस्था**

नवरात्रि में पूरा नगर जहां भक्ति में डूबा हुआ है वहीं लोगों के बीच मां के प्रति आस्था भी देखी जा रही है। सुबह से ही जिनकी मन्नत पूरी हो गई है वे भक्त बाजे गाजे के साथ घर से दंड भरते हुए माता के दरबार पहुंच रहे हैं नगर की हर गलियों में दंड भरते हुए भक्त सुबह से देखे जा रहे हैं।

**भंडारे का आयोजन**

नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति शारदा काली मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह से देर रात तक निरंतर चलता है। समिति के लोगों के द्वारा बड़े उत्साह के साथ श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

## अल्प विराम परिचय कार्यशाला जैतहरी में संपन्न



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** विकासखंड स्तरीयअल्पविराम परिचय कार्यशाला जनपद सभागार जैतहरी में आयोजित की गई जिसमें उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अनिल उमंग गुप्ता नगर परिषद अध्यक्ष जैतहरी, विशिष्ट अतिथि अमर सिंह राठौर उप सरपंच क्योटार के के रैकवार मुख्य कर्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी द्वारा सहभागिता की गई सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से किया गया। जिला प्रशिक्षक आनंद संस्थान संतोष तिवारी रामकुमार राठौर ने आनंद संस्थान का परिचय जीवन का लेखा-जोखा जैसे जीवन में मदद सुख-दुख माफ करने ना घटनाओं को भूलने की जानकारी दी गई समापन सत्र में उमेश कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा बताया गया कि इस जिंदगी के भाग दौड़ में जो हम सब परेशान रहते हैं उसका विकल्प अल्पविराम है और कार्य स्थल पर सकरात्मक सोच और उर्जावान होकर अपने कार्यो को और भी बेहतर ढंग से कार्य कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र नामदेव ह्युमिनिटि केयर फैमिली वेलफेयर एंड हेल्थ सोसायटी के संचालक पुष्पेंद्र नामदेव द्वारा किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के रैकवार और जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा फत्ते सिंह विकासखंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जैतहरी के द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों, प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत के कर्मचारी अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी और अधिकारियों, जन अभियान परिषद के सदस्यों की उपस्थित रही।

## चौरा धाम नवदुर्गा उत्सव समिति में विराजीं माता रानी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। खेर माई प्रांगण वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर में चौरा धाम नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा माता रानी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। शारदेय नवरात्र के चौथे दिन शी जयकारों के साथ माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं की अपार भीड दर्शन हेतु उमड़ी।**



नवरात्र पर हरिशूमि के पत्रकार अखिलेश कुमार नामदेव ने शारदेय नगर वासियो की शुभकामनाएं दी। किसी भी श्रद्धालु को कोई भी असुविधा न हो इसके लिये प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं की गई है। नवरात्र पर्व को लेकर कोतमा नगर मे हर्षोल्लास का माहौल है। घर घर माता के नौ स्वरूपां की प्रतिमाएं और कलश स्थापित किये गये है। माता रानी के जयकारो के साथ प्रशासन की व्यवस्थाएं और जनप्रतिनिधियो की मौजूदगी ने पर्व की गरिमा को और बढा दिया है। श्रद्धालु भी अपने विश्वास और संकल्प के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाकर अपने जीवन में सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। चौरा धाम नवदुर्गा उत्सव समिति में विराजी माता रानी का दरबार समिति के लोगो द्वारा इस तरह सजाया गया है कि माता रानी के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी जा रही है। सुबह से ही माता रानी के दरबार में भक्तो की कतारें लगी रही है। माता की आरती और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर प्रबंधन समित ने जगह जगह प्रसाद और जल की व्यवस्था की है।

**खबर संक्षेप**

## स्थानीय नागरिकों के हित में टोल प्लाज़ा से राहत की मांग

**ब्यौहारी**। शहडोल वीरेंद्र कुमार पटेल, आम आदमी पार्टी, ब्योहारीब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण और नगरवासी प्रतिदिन कृषि उपज खरीद-बिक्री एवं अन्य आवश्यक कार्यों हेतु ब्योहारी नगर से जुड़े बाज़ार आते-जाते हैं। वर्तमान में ब्योहारी नगर से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित टोल प्लाज़ा स्थानीय निवासियों की आवाजाही में गंभीर अवरोध बन गया है।स्थानीय किसान और व्यापारी अपनी कृषि उपज बेचने-बेचने, आवश्यक वस्तुएँ लाने-ले जाने एवं रोज़मर्रा के कार्यों के लिए बार-बार इस टोल से गुजरने को मजबूर हैं। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ रहा है बल्कि ग्रामीण विकास एवं व्यापार भी प्रभावित हो हैं. स्थानीय निवासियों को टोल से मुक्त किया जाए अथवा उन्हें स्थानीय पास उपलब्ध कराए जाएँ।कृषि उपज और ग्रामीण व्यापार से जुड़ी गाड़ियों को टोल कर से पूरी तरह मुक्त रखा जाए।. विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण जनता की आवाजाही में टोल अवरोध न बने, इसके लिए कलेक्टर शहडोल एवं टोल प्रबंधन तुरंत समुचित व्यवस्था करें।आम आदमी पार्टी, ब्योहारी यह मानती है कि टोल प्लाज़ा का उद्देश्य राजस्व संग्रह करना है, न कि आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं और किसानों के जीवन पर बोझ डालना। अतः यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो हम इस विषय पर जनआंदोलन एवं शांतिपूर्ण विरोध करने को बाध्य होंगे।

## 180 पाव अवैध शराब जब्त, 14 प्रकरण दर्ज

**कटनी**। जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त क्रमांक 02 एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम भरवारा, चनाहटा, खड़ौला, चाका, पुरैनी, लमतरा, पिलौंजी, पड़रिया, बड़ेरा, करैहया, पूंछी, बिस्तरा, कछगवां, जोबा, जोबी में अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकान ने बताया कि टीम द्वारा दविश के दौरान कुल 156 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 24 पाव मसाला कुल 180 पाव मदिरा जप्त की गई। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 14 हजार 244 आंकी गई। इस मामले में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के 12 प्रकरण प्रकरण पंजीबद्ध किये गए इसके साथ 6 खाली तलाशी प्रकरण पंजीबद्ध किया गए। इस कार्यवाही में आबकारी वृत कटनी क्रमांक 02 प्रभारी उप-निरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी वृत विजयराघवगढ़ प्रभारी उप निरीक्षक केशव उइके, आबकारी आरक्षक रामसिंह, प्रभुलाल सेन, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी का योगदान रहा।

# मोहल्ले में नाली बनवाई एवं सड़क बनवाये जाने की मांग

ब्यौहारी।

ब्यौहारी-नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 में आदर्श मैरिज गार्डन के पास मोहल्ले में सड़क और नाली का अभाव है बाराती जैन के घर से लेकर रावेंद्र वैश्य के घर तक 70 मी नाली निर्माण की तत्कालिक आवश्यकता है नाली ना होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर बहता है यहां पर कई अधिकारी कर्मचारी किराए का कमरा लेकर रहते हैं छोटे बच्चों को स्कूल छोड़ने में काफी परेशानी होती है स्थानीय रह वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है उल्लेखनीय है कि जब बारिश होती है तो घुटनों तक पानी पार करके कमरे तक जाना पड़ता है यहां पर रविंद्र बैस एवं शिव प्रसाद बैस के घर के पास कई किराएदार भी रहते हैं उन सबको परेशानियों का सामना करना पड़ता है शिव प्रसाद वैश्य ने बताया कि यहां पर सड़क भी नहीं हैहम लोग अपने से मुरूम डलवा कर काम चलाते हैं मोहल्ले के ही निवासी लाल जी मिश्रा ने बताया कि हमारे घर तरफ भी सड़क का निर्माण कराया जाने की जरूरत है नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा हैजिसमें बाराती जैन के घर से लेकर ट्रैक्टर एजेंसी, राम भजन मिश्रा पूर्व सैनिक के घर तक पूरी तरह से सड़क टूट गई है इधर भी नए सिरे से सड़क बनवाया जाए और नाली का निर्माण कराया जाए नाली तो है लेकिन आज के हिसाब से अनुपयोगी हो चुकी है और संकरी है उसको फिर से बनवाए जाने की आवश्यकता है जिससे पर्याप्त पानी निकल सकेकई बार नगर पालिका में इसकी जानकारी दी गई लेकिन आज तक नाली का निर्माण नहीं हुआ स्थानी लोगों ने कलेक्टर से शीघ्र नाली निर्माण एवं सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।





### इनका कहना है

परिषद में नाली बनाने के लिए प्रस्ताव दिया है सड़क जहां खराब है उसकी मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव दिया गया है शीघ्र नाली निर्माण के लिए प्रयास किया जाएगा।

**सोनू साकेत**
**पार्षद वार्ड क्रमांक 225**

# शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ




ब्यौहारी शहडोल

पं. राम किशोर शुक्ला स्मृति शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ब्यौहारी, जिला शहडोल में पीएम ऊषा सॉफ्ट कॉम्पोनेंट अन्तर्गत "वेबसाइट डेवलपमेंट" एवं "ई–कॉमर्स एंड ई–मार्केटिंग" विषयों पर आधारित 15 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 23 सितम्बर 2025 से प्रारंभ होकर 11 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी ने की। विशेष अतिथियों में पीएम ऊषा प्रभारी डॉ. राजेश प्रजापति, डॉ. आशीष द्विवेदी, को–ऑर्डिनेटर सेडमैप शहडोल श्री रवि कुमार वर्मा, विषय विशेषज्ञ श्री रवि वर्बन एवं श्री विभोर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।प्राचार्य डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि रोजगारपरक और कौशलयुक्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वेबसाइट डेवलपमेंट और ई–कॉमर्स एंड ई–मार्केटिंग आज के समय के सबसे आवश्यक कौशल हैं, जो विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में मदद करेंगे।डॉ. राजेश प्रजापति ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 15 दिवसीय इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में वेबसाइट निर्माण, ऑनलाइन व्यापार प्रबंधन और डिजिटल मार्केटिंग के practically पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल समापन के उपरांत प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे, जो उनके भविष्य के करियर एवं रोजगार के अवसरों में सहायक सिद्ध होंगे।सेडमैप शहडोल के को–ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और डिजिटल व्यापार की दुनिया से जोड़ना भी है। इस प्रकार के कार्यक्रम डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों की सफलता में अहम भूमिका निभाते हैं।विषय विशेषज्ञ श्री रवि वर्बन और श्री विभोर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर दिया जाएगा। उन्हें वेबसाइट बनाना, ऑनलाइन उत्पाद बेचना और डिजिटल माध्यम से ग्राहकों तक पहुंच बनाना practically सिखाया जाएगा। इससे छात्र–छात्राएँ भविष्य में स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में कदम बढ़ा सकेंगे।उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के प्रति गहरी उत्सुकता दिखाई और विशेषज्ञों से संवाद स्थापित किया।अंत में प्राचार्य डॉ. तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण का गंभीरता से लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं।यह 15 दिवसीय कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें रोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों से भी जोड़ेगा।



## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**ब्योहारी**- महात्मा गांधी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ व्यवहारी महाविद्यालय मे Osd उच्च शिक्षा विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से जितेंद्र पांडे जी प्राचार्य व्यवहारी श्री आर के तिवारी जी पुष्पेंद्र पटेल जिला महामंत्री एवं पुष्पेंद्र पटेल जिला पंचायत सदस्य परामर्शदाता सरस्वती चंद्र विद्या हीरालाल साहू रामेश्वर पाल अर्पिता सिंह की उपस्थिति में एवं नवीन प्रवेशी छात्रों की उपस्थिति में किया गया जिसमें CmClDP कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्यमंत्रीजी का संदेश वाचन जिला महामंत्री पुष्पेंद्र पटेल द्वारा किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम किया गया किया गया उक्त कार्यक्रम उपरांत सभी अतिथियों द्वारा अपने-अपने वक्तव्य दिए गए और कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ।

## शिविर में 246 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कटनी**। राज्य शासन के आयुष विभाग के निर्देश पर दशम् आयुर्वेद दिवस, सेवा पखवाड़ा एवं देवारण्य योजना के अंतर्गत विकासखंड बड़वारा के ग्राम बिजौरी में मानव जीवन विकास समिति कार्यालय परिसर में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया की इस शिविर में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 246 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधि वितरित की गई।

# न्यू बरौधा तिराहा में दो मोटर साइकिल सवार की सड़क दुघर्टना में हुई दर्दनाक मौत





ब्यौहारी शहडोल

मध्यप्रदेश के ब्योहारी में न्यू बरौधा तिराहे पर सड़क दुघर्टना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर ऐम्बुलेंस को कालकर बुलाया गया और दोनों शव को कब्जे में लेकर विवेचना शुरू कर दी बताया जा दोनों आदिवासी युवक ग़ाम बरकछ के बताए जा रहे हैं दोनों आदिवासी युवक शराब पिए हुए थ

# करणी सेना स्थापना दिवस पर श्रेया को मिला सम्मान

शहडोल।

**रीवा संभाग में राजपूत करणी सेना स्थापना दिवस के अवसर पर रीवा मानस भवन में आयोजित किया गया। कारणी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह रिंकू भैया दिव्य राज सिंह विधायक सिरमौर महाराजा साहब विक्रम सिंह विक्की भैया विधायक रामपुर बघेलान सुधीर सिंह तोमर सतना धर्मेन्द्र प्रताप सिंह प्रतापगढ़ के आतिथ्य में करणी सेना स्थापना दिवस पर सम्मान कार्यक्रम में शिरकत की।**

शहडोल जिले से श्रेया सिंह राणा जिला अध्यक्ष छात्रसंघ को सम्मानित किया गया एवं श्रेया ने कहा कि बहुत बहुत आभार व्यक्त करती हु इस सम्मान के लिए। छात्रसंघ जिला अध्यक्ष श्रेया सिंह राणा ने यह भी कहा कि मैं सतना जिला अध्यक्ष ऋषभ सिंह बघेल दादा का जिन्होंने जी जान से पूरी मेहनत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशांत सिंह बघेल संभाग अध्यक्ष रीवा ओर उनकी पूरी टीम का रंजना सिंह परिहार जिला अध्यक्ष सतना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।







## नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रीराम जानकी मंदिर के निकट नारायण सरोवर स्थल में की गई साफ - सफाई

बुढार।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर के मध्य स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के निकट श्री नारायण सरोवर स्थल में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के अगवाई में साफ - सफाई की गई, जिसमें नगर के उत्साहियों ने भी अपनी भरपूर सहभागिता निभायी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. के निर्देशन पर नगर परिषद बुढार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता ही सेवा के पुनीत उद्देश्य को लेकर साफ-सफाई करवाये जाकर स्वच्छ व सुंदर बनाया जा रहा है, जिसमें नगर परिषद क्षेत्र के वार्डवासी भी अपनी भरपूर सहभागिता निभा रहे हैं। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रं.9 स्थित श्री नारायण सरोवर स्थल पर पार्षदों तथा नागरिकों ने हाथों में झाडू लेकर सफाई अभियान में जुटे और परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ व सुंदर बनाया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के अगुवाई में स्वच्छता ही सेवा अभियान को प्रेरित करने वाले नारों का उद्घोष रते हुये श्री नारायण सरोवर परिसर की साफ-सफाई में नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार, पार्षद श्रीमती सुमित्रा नामदेव, श्रीमती सविता सिंह भदौरिया, गीता प्रजापति, समाजसेविका अनामिका सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता - सुधाकर शर्मा, विनोद पाठक, बंटू सिंह, तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सौरभ श्रीवास्तव, स्वच्छता उप निरिक्षक राजकुमार सोनी, सहायक स्वच्छता प्रभारी राधिका तिवारी तथा सफाई मित्रों ने स्वच्छता में अपनी भरपूर सहभागिता निभाई।

## पंडित दीनदयाल के अंत्योदय और एकात्म मानववाद को संकल्पित है भाजपा सरकार : दिलीप पांडे






बिरसिहपुर पाली


पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी सामाजिक समरसता के संवाहक और अंत्योदय सिद्धांत वा एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे l दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार आज भी समाज में जीवंत है l उक्त उदगार देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के निर्माण से ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण होता है साथ ही समाज में व्याप्त समस्याओं का समाधान समाज में ही रहता है l हम अपने देश की सांस्कृतिक परंपराओं रीति रिवाज के आधार पर अपनी सामाजिक समस्याओं को निपटा सकते हैं l स्वदेशी को अपनाकर अपने देश की अर्थव्यवस्था को उच्च शिखर पर ले जा सकते हैं l सरकार की योजनाओं का निर्धारण गरीब कल्याण और अंत्योदय के सिद्धांत को केंद्रित कर किया जाता है l आज केंद्र और प्रदेश की सारी योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित जनहितैसी है l श्री पांडे ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी बाल्य काल से ही संघर्ष करते हुए अद्भुत प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे l जीवन की पारिवारिक समस्याओं का निर्वहन करते हुए संघ के संपर्क में आकर आप संघ के प्रचारक बने l डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की 1940 में आपके द्वारा देश के विविध समाचार पत्रों में लेख लिखकर आम जनमानस को जागरूक किया गया l पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादगी और संस्कार की जीती जागती प्रतिमूर्ति रहे l पंडित दीनदयाल जी के दिखाए गए रास्ते को आत्मसात करते हुए भाजपा का कार्यकर्ता आज भारत को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में परम वैभव तक ले जाने के लिए संकल्पित है l शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने अपने उदगार व्यक्त किए ll जिला अध्यक्ष अमित चपरा ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी l विधायक मनीषा सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को दीनदयाल जी के जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों से जुड़ने की बात कही वही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विविध कार्यक्रमों के विषय में सरकार और संगठन की भूमिका को कार्यकर्ताओं के मध्य रखा l कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने किया l कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहडोल जिला अध्यक्ष अमिता चपरा विधायक मनीषा सिंह कार्यक्रम प्रभारी संतोष लोहानी राकेश सोनी अमित मिश्रा पूर्व विधायक प्रमिला सिंह उड़दानिया जी वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा अनिल द्विवेदी निभा गुप्ता भूपेंद्र मिश्रा दौलत मनमानी अर्जुन सोनी भूपेंद्र मिश्रा प्रियम त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## विद्यार्थियों को औषधीय पौधों का किया वितरण

**कटनी**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर ईको क्लब एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। साथ ही विद्याथियों को औषधीय पौधों के बीजों का वितरण किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने बेलपत्र, गिलोय, अशोक के फायदों सहित प्राचीन काल से अभी तक पूर्ण औषधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. एस. के. खरे ने प्राकृतिक एवं प्राचीन चिकित्सा पद्धति के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोप पंप पर लूट का प्रयास, कर्मचारी गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिले के देवहरा में ओम अनाघ फिलिंग स्टेशन पर लूट का प्रयास किया गया। दो बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी प्रकाश चौधरी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना बुधवार गुरुवार दरमियानी रात 1 से 2 बजे के बीच की है। दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर आए। उन्होंने प्रकाश चौधरी से विवाद किया। आरोपी प्रकाश के पास मौजूद 2200 रुपए छीनने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान उन्होंने धारदार हथियार से हमला कर दिया। प्रकाश चौधरी जान बचाकर भागा। वह पेट्रोल पंप से करीब 100 मीटर दूर एक घर के पास लहूलुहान हालत में गिर गया। उसने वहीं से पेट्रोल पंप मालिक और पुलिस को फोन किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घायल प्रकाश को पहले जिला अस्पताल अनूपपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

### अचानक आए आंधी तूफान से अमरकंटक में यातायात प्रभावित



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। अमरकंटक में गुरुवार शाम लगभग 5 बजे के बाद आंधी तूफान और बिजली कड़कने के साथ तेज बारिश हुई, जिससे लगभग अमरकंटक के दर्जनों पेड़ गिर गए। इस घटना से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मुख्य सड़क मार्ग शहडोल पर जैन मंदिर तिराहे के पास एक बड़ा वृक्ष गिर गया, जिससे यात्री बसें और गाड़ियां बंद हो गईं। अमरकंटक के लगभग सभी सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ है। आंधी तूफान के कारण बिजली की व्यवस्था भी प्रभावित हुई है, जिससे अमरकंटक में चारों तरफ अंधेरा छा गया है। प्रशासन सड़क और बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द चालू करने के लिए काम कर रहा है। जानकारी के मुताबिक समाचार लिखे जाने तक कई सड़कें पेड़ गिरने से अवरुद्ध हो गई हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमरकंटक में आंधी तूफान से हुए नुकसान को देखते हुए प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

### वेंकटनगर स्टेशन मे ट्रेन के ठहराव के लिए विधायक सौंपा ज्ञापन



अनूपपुर। वेंकटनगर (पुष्पराजगढ़) मे विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के आह्वान पर जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान की अध्यक्षता मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं सरपंच श्रीमती हेमा प्रधान द्वारा आवश्यक बैठक आहुत की गई, जिसके बाद विधायक फुंदेलाल सिंह की अगुवाई मे नगर मे रैली निकालकर वेंकटनगर स्टेशन पहुंचे जहां विधायक ने वेंकटनगर एवं निगौरा स्टेशन मे सवारी रेल गाड़ियां जो पहले रुकती थी उन्हें फिर जनता की सुविधा के लिये रोकने हेतु ज्ञापन सौंपे। इस दौरान जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, इंटक कांग्रेस के पदाधिकारी व नेतागण तथा क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष राजीव सिंह सहित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंच सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने विधायक सहित सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किये वहीं कार्यक्रम मे मौजूद सभी स्थानीय क्षेत्रीय नेतागणो व जनप्रतिनिधियों स्वागत मछुवारा प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष प्रदीप माझी ने किया। बैठक मे मंच संचालन निलेश भट्ट ने किया।

## 36 हजार की बूंदी के बाद पंचायत के 70 हजार की बूंदी के चर्चे

# राष्ट्रीय पर्व के नाम पर घोटाले का बड़ा धमाका

**घोटाले के सरताज ने रच दिया इतिहास, आजादी के नाम पर पंचायत के पैसे की बर्बादी**

**पसला से दो कदम आगे वेंकटनगर पंचायत के बिल ने उड़ाये सबके होश**

जिले में सरकारी धन की खुली लूट मची है। पंचायतों की स्थिति यह है कि लाखों रुपए कही भी, किसी को भी, बिना काम के, नियम कानून को धता बताकर रेवड़ी की तरह बांटे जा रहे है और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।


हरिभूमि

‘बूंदी’ की मिठास ने जिम्मेदारों को ‘ललचाया’,अब उसी बिल ने उन्हें फंसाया







पंचायतों में भ्रष्टाचार का जो आलम है इससे लगता ही नहीं कि जिले में सरकारी धन की लूट को रोकने वाला कोई है। ग्राम पंचायतें लाखों करोड़ों रुपयों की होली खेल रहे है वही पंचायतों मे भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने से आम जनता की नजर में प्रशासनिक व्यवस्था की साख गिरती जा रही है। जब पंचायतों मे राष्ट्रीय पर्व के नाम पर 70 हजार की बूंदी बांटी जा सकती है तो यहां वित्तीय अनियमितता किस लेवल की होती होगी समझा जा सकता है।

जिले में सरकारी धन के अनियमित और अनुचित उपयोग की घटनाएं लगातार उजागर हो रही हैं। बिना ठोस कार्रवाई के यह प्रवृत्ति रुकने का नाम नहीं ले रही है। जैतहरी जनपद के ग्राम पंचायत पसला मे राष्ट्रीय पर्व पर 36 हजार की बूंदी के किस्से अभी जनता भूली भी नही थी कि अब डबल झटका देते हुये वेंकटनगर पंचायत ने सबको हैरान कर दिया। इसने पसला पंचायत को पीछे छोड़ते हुये 70 हजार की बूंदी लोगों को बांट दी और बाकायदे दो बिल लगाकर उसका आहरण भी कर लिया गया और जिम्मेदारों को कानो कान खबर तक नही हुई। यहां बूंदी पर लगभग 70,000 रुपये के बिल ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ‘बिल लगाओ पैसा निकालो’ की योजना पर अमल

पंचायती एवं ग्रामीण विकास विभाग आए दिन भ्रष्टाचार के नए-नए कारनामों के लिए जाना जाता है, जहां पंचायतों में ‘‘बिल लगाओ पैसा निकालो’’ की योजना पर काम चलता है। शासन द्वारा पंचायत में विकास कार्यों के लिए जो राशि आवंटित की जाती है उस पर पंचायत के सचिव व सरपंच द्वारा उक्त राशि का बंदर बांट कर अपनी जेब गर्म की जा रही है। ऐसा ही मामला जैतहरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत वेंकटनगर में सामने आया, जो सोशल मीडिया मे वायरल है, जहां सरपंच व सचिव के राज में खुल्लम खुल्ला भ्रष्टाचार जारी है। जिसमें 15 अगस्त 2025 के पंचायत में हुये आयोजन मे 69 हजार 530 रुपए की शासकीय की राशि में गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। सवाल यह है कि आजादी के उत्सव के नाम पर शासकीय राशि की बर्बादी कैसे की जा रही है।

### सिर्फ बूंदी के लिए 70 हजार का बिल

कथित ग्राम पंचायत वेंकटनगर मे 15 अगस्त मनाने के दौरान पंचायत द्वारा ग्राम वेंकट नगर मेन रोड मे ही संचालित किराना थोक एवं फुटकर विक्रेता आरवी ट्रेडर्स ने दो बिल क्रमांक 17 व 18 लगाये जिसमे बिल क्रमांक 17 मे 269 किलो बूंदी 170 रूपये प्रति किलो की दर से 45730 रूपये का खरीदना दर्शाया गया वही बिल क्रमांक 18 मे 140 किलो बूंदी 170 रूपये प्रति किलो की दर से 23800 का खरीदा गया। जिसे पंचायत के सरपंच व सचिव ने बाकायदे अपनी सील लगाते हुये हस्ताक्षर कर पास भी किया। यहां पर सवाल उठता है कि आखिर बूंदी की मात्रा और कीमत इतनी कैसे हो सकती है तो लोग कहेंगे ऐसा नहीं, लेकिन यदि इसे भ्रष्टाचारियों की नजर से देखेंगे तो भ्रष्टाचार करने के लिए यही सही है, जैसा कि पंचायत के जिम्मेदारों ने किया। आंख बंद करके भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से बिलों में ऐसी रकम भरी जाती है जिसमें आम आदमी की सूझ बूझ की परख धरी की धरी रह जाती है। कथित ग्राम पंचायत में 15 अगस्त आयोजन के नाम पर 409 किलो बूंदी खरीदी गई। क्या इन सामग्रियों की इतनी भारी मात्रा में पंचायत में खपत हुई या नहीं, यह समझ से परे है। जनता ने बिल देने वाले संचालक से भी कड़ाई से गहन पूछताछ की मांग की है।

### पसला के भी कारनामे ‘हरिभूमि’ ने किया था उजागर

इससे पहले पसला पंचायत मे भी राष्ट्रीय पर्व के नाम पर खेली गई सरकारी धन की होली के कारनामे हरिभूमि ने 13 सितंबर को प्रकाशित कर जिम्मेदारों को इस ओर गंभीर होने ध्यानाकर्षण कराया था। यहां भी बूंदी के नाम पर करीब 36 हजार रुपये के बिल ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत पसला मे 36 हजार रुपये के बूंदी पर खर्च के बिल वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल बिलों के अनुसार पसला मे 15 अगस्त 2025 के दिन बूंदी वितरण मे खर्च हुये दो बिल क्रमांक 4 व 5 के जरिए 18-18 हजार रूपये पास कराए गए हैं। जिस पर जांच बाकी है।

### सभी पंचायतों के यही हाल

न केवल ग्राम पंचायत वेंकटनगर भ्रष्टाचार और घटिया निर्माणों के कई मामलों में घिरा हुआ है बल्कि सभी पंचायतों में सरकारी धन के लूट की स्थिति एक सी है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासन द्वारा पंचायतो व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के दिशा में कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये। इस तरह के भ्रष्टाचार के मामले में पैसा डकार कर चुपचाप बैठे सरपंच और सचिव सहित कथित माफिया ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही के बिना बिना ऐसे मामलों से जिले को राहत नहीं मिलने वाली वही जिले की पंचायतों में सरकारी राशि की वसूली के सैकड़ों प्रकरण लंबित है जिनमें रिकवरी नहीं के बराबर हो पा रही है।



# शारदीय नवरात्र पर 316 घृत दीपकों से आलोकित हो रहा ज्योति घर

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर अमरकंटक स्थित ज्योति घर में भक्तों ने श्रद्धाभाव से 316 घृत दीपक जलाए। यह अनुष्ठान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। भक्तों ने माता के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु प्रार्थना की और पुण्य लाभ प्राप्त किया। ज्ञात हो कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अमरकंटक स्थित श्री नर्मदा मंदिर एक प्राचीन शक्तिपीठ है। यहां माता सती का दाहिना नितंब गिरा था, जो इसे 29वां शक्तिपीठ बनाता है। इस स्थल शक्तिपीठ में देवी मां नर्मदा की मूर्ति स्थापित है। अमरकंटक में मुख्यतः दो शक्तिपीठ बताए जाते हैं जिसमे पहला सोनाक्षी शक्तिपीठ (श्री नर्मदा मंदिर, अमरकंटक) तथा दूसरा कल माधव शक्तिपीठ (जो वर्तमान में विलुप्त अवस्था में है)। इसी कारण नवरात्रि में विशेष रूप से माता जगत जननी नर्मदा की पूजा-अर्चना की जाती है।

### घृत दीपक जलाने का महत्व

धार्मिक परंपराओं में घृत दीपक जलाना एक शुभ और पावन कार्य माना गया है। माना जाता है कि नर्मदा मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन से मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं। घृत दीपक जलाने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है और यह जीवन में सुख-समृद्धि का संदेश देता है। इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर 316 घृत दीपक जलाए। इस सामूहिक अनुष्ठान ने पूरे ज्योति घर और मंदिर परिसर को दिव्य प्रकाश से आलोकित कर दिया।

# पंडित दीनदयाल जयंती व सीएमसीएलडीपी शुभारंभ सत्र का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर विकासखंड द्वारा स्थानीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में स्वदेशी जागरण अभियान एवं पँडित दीनदयाल की जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय रैली सह संगोष्ठी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु सत्रारंभ पर्व का आयोजन आज तुलसी महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नगर पालिका अनूपपुर की उपाध्यक्ष सोनाली तिवारी उपस्थित रही कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र तिवारी जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा की गई।कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना, समाजसेवी पिंटू तिवारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उदबोधन में राजेन्द्र तिवारी ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पँडित दीनदयाल के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला उन्होंने पँडित के चिंतन में स्वदेशी, स्वावलंबन एवं स्वभिमान को स्वदेशी जागरण सप्ताह से जोड़कर प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित जनों को भारत मे निर्मित उत्पादों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित सोनाली तिवारी ने बताया कि मैं भी एम एस डब्लु की छात्रा रही हूं और में उपाध्यक्ष बनी इसमे मेरे इस कोर्स का बहुत बड़ा योगदान रहा समाज मे एक अच्छा नागरिक बनकर कैसे समाज के लोगों के बीच मे अच्छा कार्य किया जा सकता है यह इस कोर्स से सीखने को मिलता है। उन्होंने सभी छात्रो को प्रवेश की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य शाशकीय तुलसी महाविद्यालय द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया व जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय द्वारा परिषद की अवधारणा उद्देश्य पर प्रकाश डालने के साथ, सी एम सी एल ड़ी पी के विविध आयामो का परिचय छात्रो को कराया। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधों का रोपण किया, स्वच्छता व नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर नीरज श्रीवास्तव के द्वारा किया गया व आभार विक्रम सिंह परामर्शदाता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता शिवानी सिंह, कृष्णा देवी, व सभी नवप्रवेशी छात्र, आमजन उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल, विनोद कुमार वर्मा व्यवहार न्यायाधीश/सचिव के मार्गदर्शन में 25 सितम्बर को तहसील न्यायालय राजेन्द्रग्राम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठैती में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार शंखवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल यौन शोषण, लैंगिंक समानता, गुड-टच बैड-टच, समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, प्रतिषेध कानून, श्रमिक विधियां, बाल विवाह प्रतिषेध कानून, भरण-पोषण से संबंधित कानून, दहेज प्रतिषेध कानून, मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्य, लोक अदालत, मध्यस्थता, विधिक सलाह एवं सहायता योजनाओं के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य जयनाथ सिंह सहित समस्त स्टॉफ एवं अशोक कुमार उइके सहायक ग्रेड-3 तथा लगभग 90 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# ‘‘मिशन नींव’’ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई) को मजबूती देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग एवं रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में ‘‘मिशन नींव’’ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते एवं सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा ने कार्यक्रम से जुड़े पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते ने कहा कि मिशन नींव से जिले के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा मिलेगी। मिशन नींव कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को व्हाट्सएप और ऑफलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षण गतिविधियां प्रदान की जाएगी, जो जिले में शाला पूर्व शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में नयी पहल साबित होगी। उन्होंने कहा कि रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन द्वारा तैयार डिजिटल व ऑफलाइन गतिविधियाँ न सिर्फ बच्चों की समझ को बढ़ाएंगी, बल्कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी तकनीकी शिक्षा से जोड़ेंगी। कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुशवाहा, कार्यक्रम प्रबंधक अनिवेश चतुर्वेदी ने जिले के सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को मिशन नींव की कार्यवाही पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में नीति आयोग के ब्लॉक फेलो राजश्वनी शर्मा, रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के जिला समन्वयक किशन कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फार्म की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 7 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि के बाद छात्रों एवं अभिभावकों की मांग पर यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवासीय सुविधा एवं सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। अतः इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को समय पर आवेदन करने की अपील की गई है।

